15

बिहार सरकार
स्वास्थ्य विभाग

आदेश

ज्ञ०सं०–2/टी०–03/2026– /स्वा०, पटना, दिनांक / /2026

डा० दिलकश शाहिन, सामान्य चिकित्सा पदाधिकारी, अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, मथुरापुर, गुरारू, गया द्वारा आवेदन समर्पित कर अवगत कराया गया कि विभागीय अधिसूचना सख्या–1190(2), दिनांक–02.09.2021 के आलोक मे दिनाक–10.09.2021 को सिविल सर्जन कार्यालय में योगदान समर्पित करने के पश्चात अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, मथुरापुर, गुरारू, गया में दिनांक–11.09.2021 एवं 12.09.2021 को योगदान समर्पित करने गयी, परन्तु योगदान स्वीकृत नहीं हो सका। इसी बीच इनके माताजी एव पिताजी की अस्वस्थता के कारण अपने कर्त्तव्य से अनुपस्थित रही है। डा० शाहिन के द्वारा पारिवारिक स्थिति सामान्य होने के उपरान्त पुन: पदस्थापित स्थान पर योगदान करने हेतु अनुरोध किया गया है।

2. डा० शाहिन द्वारा योगदान करने हेतु किये गये अनुरोध के समीक्षोपरान्त डा० शाहिन का आवेदन स्वीकार करते हुए पूर्व पदस्थापित स्थान पर योगदान कराने का निर्णय लिया गया है।

3. असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, गया को निदेशित किया जाता है कि इस आदेश के आलोक में डा० शाहिन का योगदान स्वीकार करते हुए उन्हे पूर्व पदस्थापित स्थान यथा अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, मथुरापुर, गुरारू, गया का प्रभार ग्रहण कराया जाय। डा० शाहिन का योगदान करने की सूचना अविलम्ब विभाग को उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाय।

4 डा० दिलकश शाहिन, सामान्य चिकित्सा पदाधिकारी, अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, मथुरापुर, गुरारू, गया के विरूद्ध अनधिकृत अनुपस्थिति के लिए विहित प्रपत्र में आरोप–पत्र गठित कर अविलम्ब विभाग को उपलब्ध करायी जाय।

5. प्रस्ताव में सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

ह०/–
(विनोद कुमार पाठक)
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक–2/टी०–03/2026– 723(2) /स्वा०, पटना, दिनांक 18/7/2026

प्रतिलिपि:–महालेखाकार (ले० एव ह०), बिहार, वीरचन्द पटेल पथ, पटना/प्रभारी पदाधिकारी, वित्त (वै०दा०नि०को०) विभाग, बिहार, पटना/कोषागार पदाधिकारी, गया को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपि:–क्षेत्रीय अपर निदेशक, स्वास्थ्य सेवाएँ, मगध प्रमंडल, गया/असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, गया को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपि:–माननीय मंत्री स्वास्थ्य के आप्त सचिव/सचिव, स्वास्थ्य के प्रधान आप्त सचिव/सभी विशेष सचिव/सभी अपर सचिव/सभी उप सचिव/सभी विशेष कार्य पदाधिकारी/सभी अवर सचिव/सभी निदेशक प्रमुख, स्वास्थ्य सेवाएँ, बिहार, पटना/सभी प्रशाखा पदाधिकारी, स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि:–प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–09, स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना को असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, गया से प्राप्त प्रतिवेदन के आलोक में नियमानुसार कार्रवाई करने हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपि:–प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, गुरारू, गया/डा० दिलकश शाहिन, सामान्य चिकित्सा पदाधिकारी, अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, मथुरापुर, गुरारू, गया को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपि:–श्री अमित कुमार, डाटा एनालिस्ट/आई०टी० मैनेजर, स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

Vinod K Sharma 18/7
सरकार के उप सचिव।

Des 2>Dhan>Draft>adesh26 Vikash